प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
16.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

मुख्य समाचार''

- देश में जनगणना पहली मार्च 2027 से–केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा–युवाओं को नशे से दूर रखना हम सब का साझा दायित्व।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा–शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी बदलाव कर रही है प्रदेश सरकार।
- सेब सीजन की तैयारियों में जुटा शिमला जिला प्रशासन–15 जुलाई से सेब नियंत्रण कक्ष हो जाएंगे क्रियाशील।

सरकार – जनगणना

केंद्र सरकार ने आज जनगणना कराये जाने की अधिसूचना जारी कर दी है। गृह मंत्रालय से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि जनगणना के लिए संदर्भ तिथि पहली मार्च 2027 होगी। केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख, जम्मू कश्मीर के बर्फीले इलाकों तथा हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड पर यह तारीख लागू नहीं होगी। लद्दाख, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में जनगणना पहली अक्तूबर 2026 से कराई जाएगी। यह भारत की 16वीं राष्ट्रीय जनगणना होगी और देश के स्वतंत्र होने के बाद आठवीं जनगणना होगी।

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि युवाओं को नशे से दूर रखना हम सब का साझा दायित्व है। राज्यपाल आज शिमला जिला के रोहड़ू में नशा विरोधी जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाने के मौके पर बोल रहे थे। इस रैली में रोहड़ू के विभिन्न स्कूलों के सैकड़ों छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। राज्यपाल ने बाद में वीरभद्र सिंह स्नाततकोत्तर महाविद्यालय सीमा में आयोजित एंटी ड्रग कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। राज्यपाल ने बाद में रोहडू उपमंडल के पुजारली स्थित देवता महेश्वर मंदिर में पूजा–अर्चना की। राज्यपाल की धर्मपत्नी भी इस मौके पर मौजूद थी। शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधायक मोहन लाल ब्राक्टा और अन्य गणमान्य लोग भी इस मौके मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में बुनियादी बदलाव कर रही है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण और प्रतिस्पर्धात्मक शिक्षा के लिए स्कूल और कॉलेज शिक्षा के अलग–अलग निदेशालय बनाए गए हैं जो एक निर्णायक कदम है।

मुख्यमंत्री आज ऊना विधानसभा क्षेत्र में लगभग 26 करोड़ रूपए की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास करने के उपरान्त डिग्री कॉलेज ऊना में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पूर्व भाजपा सरकार पर राजनीतिक लाभ लेने के लिए चुनाव से पहले 6 सौ नये शिक्षण संस्थान खोलने का आरोप लगाया और कहा कि इन संस्थानों में शिक्षकों की तैनाती ही नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने अगले शिक्षा सत्र से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल ऊना को को–एजुकेशन बनाने की घोषणा भी की और कहा कि यहां सीबीएसई पैटर्न की कक्षाएं शुरू की जाएंगी।

खिलाड़ी

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य व राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को विशेष खेल अवकाश उपस्थिति देने के खेल निकायों को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस निर्णय का उद्देश्य खिलाड़ियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है। अभी तक खिलाड़ियों को ये सुविधा हासिल नहीं थी इस कारण शिक्षण संस्थानों में जहां खिलाड़ियों की उपस्थिति प्रभावित होती थी वहीं उनके आंतरिक मूल्यांकन और शैक्षणिक रिकॉर्ड पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता था।

जमानत याचिका

विमल नेगी मौत मामले को लेकर आज प्रदेश उच्च न्यायालय में आई.ए.एस. अधिकारी हरिकेश मीणा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट ने 14 जुलाई तक हरिकेश मीणा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। हाईकोर्ट ने सीबीआई को भी विमल नेगी मौत मामले में स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया है और 14 जुलाई को ये रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। सी.बी.आई. ने अदालत से स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने के लिए 6 सप्ताह का समय मांगा था। सी.बी.आई. को पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने विमल नेगी मौत मामले में पार्टी बनने के लिए एप्लिकेशन फाइल करने को कहा था। अब सी.बी.आई. इस मामले में पार्टी बन गई है।

स्थापना दिवस

आज आकाशवाणी शिमला का स्थापना दिवस है। वर्ष 1955 को आज ही के दिन आकाशवाणी शिमला की स्थापना हुई थी। आकाशवाणी शिमला के कार्यक्रम प्रमुख अनिल वर्मा ने कहा कि 70 वर्षों के इस सफर में आकाशवाणी शिमला ने अपने श्रोताओं के लिए ज्ञानवर्धक व मनोरंजन से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम चलाए हैं।

*पिछले 7 दशकों के सफर में आकाशवाणी शिमला ने अनेकों उपलब्धियां हासिल की हैं। 70 वर्षों के इस सफर की आप सभी को शुभकामनाएं। इस पूरी अवधि के दौरान श्रोताओं का आकाशवाणी के कार्यक्रमों और समाचारों के प्रसारण के दौरान विश्वास और स्नेह हमेशा मिलता रहा है ।भविष्य में भी हमारा यह*

*प्रयास रहेगा कि हम प्रदेश की लोक संस्कृति के संवर्धन, जनकल्याण के कार्यक्रमों और स्वस्थ मनोरंजन के प्रसारण करते रहेंगे और हमेशा आपके सहयोग और स्वस्थ मनोरंजन का प्रसारण करते रहेंगे और हमेशा आपका सहयोग भविष्य में भी मिलता रहेगा। एक बार पुनः आपको आज के शुभ दिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं।*

यादवेंद्र गोमा

युवा सेवा व खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा ने कहा है कि कुल्लू जिला में अवैध रूप से चल रही जिप लाईन पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने मनाली के नेहरू कुंड के पास जिप लाईन से एक लड़की के गिर कर घायल हो जाने के मामले में कहा कि जिस जिप लाईन से ये लड़की गिरी है वह अवैध है और सरकार ने उस साईट को अनुमति नहीं दी थी। उन्होंने कहा कि सरकार ने इस घटना का संज्ञान लिया है और इस जिप लाईन के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

*ये पता लगा है कि ये जो साइट है ,जहां पर ये दुर्घटना हुई है। ना ही टूरिज्म विभाग के पास उन्होंने कोई अप्लाई किया है और ना ही स्पोर्ट्स विभाग के पास इन्होंने जो है अप्रूवल के लिए अप्लाई किया है। तो पूर्णतः ये इल्लीगल साइट है और इसके ऊपर उचित दिशा निर्देश दे दिए गए हैं। और इसके ऊपर उचित कार्रवाई करी जाएगी।*

आठ जून को हुई इस घटना में महाराष्ट्र के नागपुर से मनाली घुमने आई दस वर्षीय तृषा जिप लाईन की रस्सी टूट जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गई थी।

सेब सीजन

शिमला के उपायुक्त अनुपम कश्यप ने सेब सीजन के दृष्टिगत जिले में सभी संबंधित विभागों को अवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं ताकि बागवानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उपायुक्त ने आज शिमला में बागवान प्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ एक बैठक में जिला के सभी एस.डी.एम. को खस्ताहाल सड़कों को सेब सीजन से पहले ठीक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जिले में 15 जुलाई से नियंत्रण कक्ष काम करना आरंभ कर देंगे।

*चार जगह में हमारे कंट्रोल रूम्स खुलते है इसमे operationalize उसको हम 15 जुलाई से करने जा रहे हैं । इसके अलावा पिछले दो तीन वर्षों से शिमला जिले में सड़कों का काफी नुकशान हुआ है बारिश इत्यादि की वजह से । तो उसमे भी सभी मार्गों को विभाजित करके तभी sdm साहिबा और पीडबल्यूडी authorities जो है एक हफ्ते के अंदर अंदर इसको identify कर लेंगे जो ऐसे*

*क्षेत्र है हमारे जिनका immediately रख रखाव करना हमको बहुत आवश्यक है ताकि जब भी transporation स्टार्ट हो , ताकि गाड़ियों की मूवमेंट में कोई दिक्कत न आए । उसके लिए भी सभी लोग उसपर काम करेंगे ।*

संयुक्त किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने इस मौके पर सेब सीजन के दौरान बागवानों से ठगी पर रोक लगाने और फर्जी व्यापारियों पर नकेल कसने की उपायुक्त से मांग की।

*आज की इस बैठक में काफी चर्चाएं हुई है, जो सीजन में आने वाली समस्याएं हैं, चाहे उसमें अबेबिलिटी ऑफ चाहे ट्रांसपोर्टेशन, चाहे अवेलेबिलिटी ऑफ बॉक्सेस और अन्य जो भी चीजें हैं, उसके लिए भी सरकार को आगाह किया है कि इन चीजों में किसी में कमी नहीं होनी चाहिए, उसके अलावा जो भी हमारी मंडियों में बागवानों को समस्याएं आती है, चाहे वह वहां साफ सफाई की है, शौज की है या पानी की व्यवस्थाएं हैं, उसको सुचारू रूप से जो है उसको चलाया जाए, इस तरह की जो हमारी मुश्किलें थी उन सब की बात हमने रखी है।*

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि पधर मंडल की पांच सड़कों के निर्माण पर पीएमजीएसवाई के तहत 26 करोड़ रूपए खर्च किए जाएंगे। विक्रमादित्य सिंह आज द्रंग विधानसभा क्षेत्र के विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल व ऋषि पराशर की तपोस्थली में आयोजित जिला स्तरीय सरानाहुली मेले के समापन अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने इस मौके पर क्षेत्र में लगभग 62 करोड़ रूपए की विभिन्न सड़क व पुल परियोजओं के उद्घाटन व शिलान्यास भी किए।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनी राम शांडिल ने कहा है कि सांस्कृतिक कार्यक्रम और उत्सव लोगों को तनाव से दूर रखने में सहायक सिद्ध होते हैं।

कर्नल शांडिल सोलन में आयोजित आठ दिवसीय ग्रीष्मोत्सव के समापन अवसर पर बोल रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने इस मौके पर युवाओं का आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहें और पढ़ाई के साथ–साथ खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हिस्सा लें।

हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार विद्यार्थियों को आधुनिक, गुणात्मक, व्यावसायिक और संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए शिक्षण संस्थानों के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है।

हर्षवर्धन चौहान आज नाहन में एक निजी स्कूल के गोल्डन जुबली समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे लगन, मेहनत और अनुशासन में रह कर पढ़ाई करें

तथा शैक्षणिक गतिविधियों के अलावा खेलकूद में भी हिस्सा लें और प्रदेश व राष्ट्र निर्माण में अपना सहयोग दें।

डी.सी किन्नौर

15 से 30 जून तक मनाए जा रहे जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के तहत आज उपायुक्त किन्नौर अमित कुमार शर्मा ने रिकांगपिओ से इस अभियान का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। उपायुक्त ने कहा कि ये अभियान जनजातीय समुदायों के उत्थान के लिए एक राष्ट्रव्यापी पहल है जिसका उद्देश्य आदिवासी क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का शत प्रतिशत पहुंचाना है।

मुख्य समाचार एक बार फिर''

- देश में जनगणना पहली मार्च 2027 से—केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना।
- राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा—युवाओं को नशे से दूर रखना हम सब का साझा दायित्व।
- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा—शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में बुनियादी बदलाव कर रही है प्रदेश सरकार।
- सेब सीजन की तैयारियों में जुटा शिमला जिला प्रशासन—15 जुलाई से सेब नियंत्रण कक्ष हो जाएंगे क्रियाशील।

——————